भारत सरकार
सूक्ष, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2950**
**उत्तर देने की तारीख: 12.12.2024**

**डिजिटल प्रौद्योगिकी**

**2950. श्री आदित्य यादव:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस विचार से सहमत है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है और देश के विकास के लिए उनका डिजिटल प्रौद्योगिकियों को अपनाना महत्वपूर्ण है; और

(ख) यदि हां, तो कौशल में वृद्धि करने और बाधाओं को दूर करने वाले समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए जाने वाले प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है जिससे सभी व्यवसाय डिजिटलीकरण को अपनाने में सक्षम हो सकें, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

**(क) एवं (ख):** जी, हाँ। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सरकार एमएसएमई क्षेत्रों में कौशल संवर्धन, बाधाओं को दूर करने और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने वाले समावेशी पारितंत्र को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस संबंध में उठाए जा रहे कदमों में एमएसएमई मंत्रालय की सेवाओं/कार्यक्रमों का डिजिटलीकरण, उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम का कार्यान्वयन, एकल विंडो मंजूरी की स्थापना, व्यापार करने में आसानी (ईओडीबी) के लिए प्रक्रियाओं को कम करना/सरल बनाना, एमएसएमई संबंध, उद्यम पंजीकरण, एमएसएमई समाधान, एमएसएमई मार्ट और सरकारी ई-मार्केटप्लेस पोर्टल आदि शामिल हैं।

*****